संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडु) : (क) से (छ) तक जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल रख दी जाएगी।

Conversion of manual exchanges at Sibsagar into electronic exchanges

809. SHRI BHADRESHWAR BURAGOHAIN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government are aware that the Sibsagar Town, although a district headquarter is not provided with an electronic exchange;

(b) whether any arrangements have been made to convert the present manual exchange into an electronic exchange; and

(c) if so, by when the conversion will be completed?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU). (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Yes, Sir. The existing electro-mechanical automatic (not manual) Telephone Exchange at Sibsagar is planned for replacement by an electronic exchange during 1994-95.

संचार-प्रणाली के विकास के लिए अन्य देशों के साथ किए गए करार

810. डा० अबरार अहमद : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों के दौरान भारत सरकार ने संचार के साधनों को विकसित करने के लिए किन-किन देशों तथा कंपनियों के साथ करार किये हैं और ये करार कब-कब किये गये तथा इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या सरकार उक्त करार के अधीन कुछ उपकरणों का आयात करने का विचार रखती है ;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में कितनी विदेशी मुद्राराशि खर्च की जायेगी और क्या उसके लिये सरकार ने स्वीकृति दे दी है ;

(घ) क्या कुछ संचार साधनों तथा यंत्रों का निर्यात भी किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडु) : (क) जानकारी नीचे लिखे अनुसार:—

देश	करार की तारीख
जर्मन संघीय गणराज्य,	नवम्बर, 1990
यूरोपीय समुदाय का आयोग	अप्रैल, 1991
कुवैत	फरवरी, 1992

प्रशिक्षण, अनुसंधान और विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए संबंधित सरकारों के साथ करार किए गए हैं।

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) जी हां, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि ऊपर (क) में उल्लिखित देशों को ही उपस्करों आदि का निर्यात किया जाता हो।

(ङ) जानकारी विवरण में दी गई है।